BSNLEU

**P. Abhimanyu**
General Secretary

# BSNL EMPLOYEES UNION
Central Head Quarters

Ph.: 011-25705385
Fax : 011-25894862

Main Recognised Representative Union.
Dada Ghosh Bhawan, 2151/1, New Patel Nagar,
Opp. Shadipur Bus Depot, New Delhi-110008
E-mail : bsnleuchq@gmail.com, Website : www.bsnleu.in

बीएसएनएलईयू/102 (सर्कुलर सं. 07/2021) 4 दिसंबर, 2021

सेवा में,

**सर्किल सचिव,**
**केंद्रीय पदाधिकारी**
**और जिला सचिव**

प्रिय साथियो,

**10वां अखिल भारतीय सम्मेलन 07,08 और 09 मार्च 2022 को होगा।**
अगस्त 2021 में हैदराबाद में हुई केंद्रीय कार्य समिति की बैठक में बीएसएनएलईयू का अगला अखिल भारतीय सम्मेलन गुवहाटी में मार्च 2022 में करने का निर्णय लिया गया था। यह हमारे महान संगठन का 10वां अखिल भारतीय सम्मेलन होगा। सीईसी के निर्णय के अनुसार अखिल भारतीय सम्मेलन गुवहाटी में आयोजित करने के लिए कार्रवाई की जा रही है। 29.11.2021 को हुई अखिल भारतीय केंद्र की बैठक ने तय किया है कि एआईसी 07,08 और 09 मार्च 2022 को आयोजित की जाएगी। पहले की ही तरह, प्री–एआईसी सीईसी बैठक 06 मार्च, 2022 को होगी। अखिल भारतीय सम्मेलन और सीईसी बैठक के लिए नोटिस उचित समय पर जारी कर दिए जाएंगे। बीएसएनएल में 50 प्रतिषत कर्मचारी पहले ही वीआरएस पर चले गए हैं। इसके फलस्वरूप यूनियन की सदस्यता भी उसी अनुपात में कम हो गई है। इसको देखते हुए हैदराबाद सीईसी बैठक ने तय किया है कि, 10वें अखिल भारतीय सम्मेलन के लिए मान्य डेलीगेटों की संख्या मैसूरू में पिछले अखिल भारतीय सम्मेलन के डेलीगेटों की संख्या की 50 प्रतिषत होगी। इस निर्णय के आधार पर अखिल भारतीय केंद्र डेलीगेटों की संख्या को तय करेगा और सूचित करेगा जो प्रत्येक सर्किल से एआईसी में भाग लेंगे।

**सर्किल और जिला सम्मेलनों का आयोजन**
चूंकि अखिल भारतीय सम्मेलन मार्च 2022 में होगा, सभी सर्किल सम्मेलन जो पहले ही ड्यू हो गए हैं उन्हें फौरन आयोजित किया जाना चाहिए। सर्किल सचिवों से अनुरोध है किए वे महासचिव से संपर्क करें और सर्किल सम्मेलनों के लिए तारीख़ लें। उसी प्रकार, सर्किल यूनियनों को यह सुनिष्चित करना है कि जो जिला सम्मेलन ड्यू हैं वे फ़ौरन आयोजित किए जाएं।

**बीएसएनएल की श्रमषक्ति का पुनर्गठन**
वीआरएस को लागू करने के बाद बीएसएनएल प्रबंधन ने बीएसएनएल की श्रम षक्ति का पुनर्गठन करने का काम किया। बीएसएनएलईयू ने विभिन्न नॉन–एक्जीक्यूटिव कैडरों में, और जेटीओ के एक्जीक्यूटिव कैडर में, जोकि नॉन–एक्जीक्यूटिवों का प्रमोटिव कैडर है, भावी श्रमषक्ति की जरूरत के बारे में अपने विचार पेष किए हैं। प्रबंधन ने घोषणा की है कि सीनियर टीओए और एटीटी डायिंग कैडर होंगे। लेकिन, बीएसएनएलईयू के सामयिक हस्तक्षेप के कारण प्रबंधन राजी हो गया है कि, ये दोनों कैडर लाइव कैडर बने रहेंगे। अंततः, बीएसएनएल बोर्ड ने श्रमषक्ति के पुनर्गठन का अनुमोदन कर दिया है और कार्पोरेट कार्यालय ने अपने पत्र सं. 4–02/2021 Restg. दिनांक 23.11.2021 के माध्यम से इसे सीजीएम्ज को सर्कुलेट कर दिया है। इस पत्र में प्रत्येक सर्किल के लिए अलॉट किए गए JEs, Sr. TOAs (JOA/SOA/OA), टेलीकॉम टेक्नीषंस/एसिस्टेंट टमलीकॉम टेक्नीषंस की संख्या दी गई है। सर्किल सचिवों से अनुरोध है कि वे इसे देखें और अपने विचार सीएचक्यू को दें।

**राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन पर सम्मेलन आयोजित करना**
17.10.2021 को हुई पिछली ऑनलाइन केंद्रीय कार्य समिति बैठक ने राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (एनएमपी) के खिलाफ जोरदार अभियान आयोजित करने का निर्णय लिया है। उसने निर्णय लिया है कि, सर्किल यूनियनें राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन के खिलाफ अपने सर्किल और जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित करें। अभी तक केवल केरल, पष्चिम बंगाल, कर्नाटक, तेलंगाना और उडीषा सर्किलों ने ये सम्मेलन आयोजित किए हैं। महाराष्ट्र, तमिलनाडु और चेन्नई सर्किलों ने अपने सम्मेलनों के लिए तारीख़ें तय की हैं। लेकिन अन्य सर्किल यूनियनों ने यह सम्मेलन आयोजित करने के बारे में फैसला नहीं लिया है। सीएचक्यू सभी बाकी सर्किलों से इस सम्मेलन का आयोजन करने का अनुरोध करता है।

**वेतन वार्ता पुनः आरंभ**
एयूएबी और सीएमडी बीएसएनएल के बीच हुए समझौते के अनुसार वेतन वार्ता कमेटी गठित की गई है और वेतन पुनः आरंभ हो गई है। कमेटी की दो बैठकें, एक 18.11.2021 को और दूसरी 03.12.2021 को हुई है।

सधन्यवाद

आपका

**(पी अभिमन्यु)**
**महासचिव**